C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:53 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:23 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 282 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 9 मई 2025





100 करोड़ के क्लब में शामिल...पेज-3 पर

# सीमा पर लगातार फायरिंग 17 सिविलियंस की गई जान

**नई दिल्ली/जम्मू**

**एजेंसी**

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बने हुए हैं। चंडीगढ़ और अंबाला में शुक्रवार को हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। चंडीगढ़ में सेना की वेस्टर्न कमांड है, NIA का भी दफ्तर है। अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन मौजूद है।

राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान बॉर्डर से 20 किलोमीटर दायरे में गांव खाली कराए जा रहे हैं। जैसलमेर में मिलिट्री स्टेशन है और पाकिस्तान बॉर्डर का 500 किमी हिस्सा सटा हुआ है।

इस बीच, जम्मू-कश्मीर के सांबा में इंटरनेशनल बॉर्डर पर बीएसएफ ने 7 आतंकियों को मार गिराया। पाकिस्तान की धनधार पोस्ट पर फायरिंग की गई। स्पष्ट पर पुंछ इलाके में लगातार पाकिस्तानी सेना फायरिंग रही है। पुंछ समेत जम्मू-कश्मीर में 17 सिविलियंस की मौत हुई। इनमें 5 बच्चे भी शामिल हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और CDS अनिल चौहान ने ताजा हालात की जानकारी दी। गृहमंत्री ने भी बीएसएफ, सीआईएसएफ के अफसरों के साथ मीटिंग की। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी मीटिंग करेंगे।

## भारतीय सेना पाकिस्तान को दे रही मुंहतोड़ जवाब



### पंजाब में पाकिस्तानी मिसाइल के टुकड़े मिले

पंजाब के होशियारपुर में पाकिस्तानी मिसाइल के टुकड़े मिले। पाकिस्तान ने गुरुवार रात पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान के 11 शहरों पर हमला किया था। हालांकि, भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमले नाकाम कर दिए। किसी भी नुकसान की खबर नहीं आई थी। जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने मीडिया कवरेज के लिए गाइडलाइन जारी की है। कहा है कि लाइव कवरेज के दौरान मिलिट्री ऑपरेशन और सेनाओं के मूवमेंट की जानकारी से बचना चाहिए।

## भारत ने पाकिस्तानी ड्रोन-मिसाइल अटैक को फेल किया

भारत ने 7 मई की रात डेढ़ बजे ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के 7 शहरों के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इसके बाद 8 मई की सुबह से पाकिस्तान ने लगातार बॉर्डर से सटे एयरबेस और इलाकों पर हमले की कोशिश की। इन हमलों को भारतीय सेना ने फेल कर दिया। पठानकोट एयरबेस पर पाकिस्तान ने ड्रोन से हमला करने की कोशिश की, भारतीय डिफेंस सिस्टम ने हमला नाकाम किया। पाकिस्तान ने बॉर्डर पार से जम्मू-कश्मीर के अखनूर में ड्रोन और मिसाइल से हमला किया। पाकिस्तान के ड्रोन अटैक के बाद धर्मशाला स्टेडियम में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच को रोकना पड़ा। भारत की एयर स्ट्राइक के बाद जम्मू-कश्मीर के एलओसी के कई इलाकों में पाकिस्तान की ओर से फायरिंग हो रही है।

# चंडीगढ़-अंबाला में हवाई हमले की चेतावनी, जैसलमेर में बॉर्डर के गांव खाली कराए

**अंबाला/अमृतसर**

**एजेंसी**

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बने हुए हैं। चंडीगढ़ और अंबाला में शुक्रवार को हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। चंडीगढ़ में सेना की वेस्टर्न कमांड है, ह्ढ का भी दफ्तर है। अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन मौजूद है।

राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान बॉर्डर से 20 किलोमीटर दायरे में गांव खाली कराए जा रहे हैं। जैसलमेर में मिलिट्री स्टेशन है और पाकिस्तान बॉर्डर का 500 किमी हिस्सा सटा हुआ है।

इस बीच, जम्मू-कश्मीर के सांबा में इंटरनेशनल बॉर्डर पर बीएसएफ ने 7 आतंकियों को मार गिराया। पाकिस्तान की धनधार पोस्ट पर फायरिंग की गई। पाकिस्तान ने गुरुवार रात जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में 11 जगहों पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। पाकिस्तानी सुसाइड ड्रोन्स ने जम्मू एयरपोर्ट और पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को भी निशाना बनाया।

इसके बाद भारत ने अपने डिफेंस सिस्टम S-400 से इन हमलों को नाकाम कर दिया। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि आकाश मिसाइल का भी इस्तेमाल किया गया। भारत ने LOC और इंटरनेशनल बॉर्डर (IB) पर पाकिस्तान के 50 से ज्यादा ड्रोन गिराए हैं। पठानकोट में पाकिस्तानी फाइटर जेट गिरा दिया, हालांकि सरकार ने पुष्टि नहीं की है।



# भारत-पाकिस्तान टकराव के कारण आईपीएल टाला, नई तारीखें नहीं बताईं

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े टकराव के कारण BCCI ने IPL टाल दिया है। हालांकि BCCI ने नई तारीखें नहीं बताई हैं। अभी इसके 12 लीग मैच और 4 प्लेऑफ के मुकाबले बाकी हैं। टूर्नामेंट का फाइनल 25 मई को होना था।

यह जानकारी PTI ने BCCI के सूत्र के हवाले से दी है। BCCI के एक अधिकारी ने PTI से कहा, यह अच्छा नहीं लगता कि जब देश में युद्ध चल रहा हो, तब क्रिकेट खेला जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी विदेशी खिलाड़ियों को अपने देश लौटने के लिए कहा गया है। नई तारिखें आने पर उन्हें सूचित किया जाएगा। माना जा रहा है कि अगस्त में होने वाला भारत का बांग्लादेश दौरा रद्द किया जाएगा। सितंबर में होने वाला एशिया कप भी टाला जाएगा। इनकी जगह भारत में IPL के बाकी मैच कराए जा सकते हैं। हालांकि, इसपर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं आई है। पाकिस्तान ने 8 मई की रात करीब 8.30 बजे भारत के जम्मू, पंजाब और राजस्थान की बॉर्डर पर मिसाइल और ड्रोन से हमला कर दिया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच खेला जा रहा था। तभी मैदान की फ्लडलाइट्स को बंद कर दिया गया ।

## जम्मू में स्थिति का जायजा लेने पहुंचे सीएम अब्दुल्ला

**जम्मू।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर और लाहौर में पड़ोसी मुल्क के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करने के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार (वीरवार) रात आठ बजे जम्मू संभाग के जम्मू, सांबा, आरएसपुरा और अरनिया सहित कई इलाकों में आत्मघाती ड्रोन और मिसाइलों से असफल हमला किया। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम (एस-400) ने दुश्मन के सभी हमलों को नाकाम कर दिया। आज सीएम उमर अब्दुल्ला जम्मू के दौरे पर हैं। सीएम उमर अब्दुल्लाह ने गोलीबारी से विस्थापित लोगों से मुलाकात की और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। गोलीबारी के चलते विस्थापित हुए लोगों के लिए बनाए गए शेल्टर कैंपों का दौरा किया गया।

# भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

इस बैठक में शीर्ष सैन्य अधिकारी और रक्षा सचिव शामिल हुए। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह ने भाग लिया।इस बैठक में संभवत: सीमा पर सुरक्षा चुनौतियों और सैन्य तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई होगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व में आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में भारतीय सेना की भविष्य की योजनाओं और तैयारियों पर जोर दिया था। बैठक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें सीमा पर सुरक्षा स्थिति और सैन्य तैयारियों की समीक्षा की गई। इस बैठक से भारतीय सशस्त्र बलों की तैयारियों में और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# किच्छा में ट्रक और ट्राला की भिड़ंत, चालक गंभीर

**किच्छा**

**हमारे संवाददाता**

किच्छा के आदित्य चौक के समीप हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा होते-होते टल गया। एक टेंपो को बचाने के प्रयास में ट्रक और ट्राला की भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और अचेत अवस्था में सड़क पर पड़ा रहा।

इस बीच दोपहरिया एक वैवाहिक समारोह में जा रहे पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने जब दुर्घटना स्थल को देखा तो उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाई और अचेत पड़ा ट्रक चालक को गाड़ी में डालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किच्छा पहुँचाया। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया, जिससे समय पर सहायता मिल सकी।पूर्व विधायक ने बताया कि चश्मदीदों के अनुसार, एक टेंपो को बचाने के प्रयास में ट्रक और डंपर अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए।यदि वे मौके पर न रुकते, तो ट्रक ड्राइवर की जान भी जा सकती थी। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने राजेश शुक्ला के इस मानवीय कदम की प्रशंसा की। यह कार्य न सिर्फ एक ज़िम्मेदार नागरिक के कर्तव्य को दर्शाता है, बल्कि एक जनप्रतिनिधि की संवेदनशीलता और तत्परता की भी मिसाल है। पूर्व विधायक ने अपील की कि लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सभी को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए और वाहन चलाते समय पूरी सावधानी बरतनी चाहिए।



पूर्व विधायक शुक्ला ने दिखाई ईमानदार, घायल को पहुंचाया अस्पताल

## मासूम से दुष्कर्म की कोशिश गला दबाने का भी प्रयास

**रुद्रपुर।** जिला मुख्यालय क्षेत्र में एक 5 वर्षीय मासूम के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। घर में माता पिता के साथ सो रही मासूम को उठाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। इतना ही नहीं आरोप है कि मासूम बच्ची का गला भी दबाया है। जिससे बच्ची की तबियत बिगड़ गई। बच्ची की चीख पुकार सुन पिता ने जब देखा तो उसके होश उड़ गए। परिजनों को बच्ची अर्धनग्न अवस्था में मिली है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को अस्पताल भेजा। पीड़िता के पिता की ओर कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। जिले की एसपी क्राइम निहारिका तोमर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ तहरीर पुलिस को मिल गई है। पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

# सूखीढांग में सड़क हादसा, एक युवक की मौत व तीन गंभीर रूप से घायल

**टनकपुर**

**हमारे संवाददाता**

आज शुक्रवार सुबह टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बरेली से चंपावत की ओर जा रही कार सूखीढांग के पास अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

कार में सवार चार युवक—मनोज (27), अर्पित (27), जितेंद्र (22), और अमन यादव (26)—पिथौरागढ़ घूमने जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी घायलों को बाहर निकाला गया। सभी को 108 आपातकालीन सेवा के माध्यम से टनकपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मनोज पुत्र तेजपाल (निवासी बरेली) को मृत घोषित कर दिया। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है। प्रशासन द्वारा दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन का संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ।



# गैस की कालाबाजारी, 42 सिलेंडर जब्त

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी वंदना सिंह और जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन के निर्देश पर नैनीताल में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने पूर्ति निरीक्षक राजेन्द्र कुमार भट्ट के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में सितारगंज से नैनीताल लाए जा रहे वाहन संख्या से कुल 42 अवैध व्यवसायिक सिलेंडर के कोई भी वैध दस्तावेज मौके पर उपलब्ध न होने पर प्रथम दृष्टया गैस की कालाबाजारी का प्रकरण प्रकाश में आने पर इन्हें मौके पर जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया।

इस दौरान इस वाहन को कब्जे में लेकर पुलिस की सुपुर्दगी में देकर पुलिस द्वारा मौके पर इस वाहन के चालक मोहन बृजवासी और डिलीवरी बॉय धीरज कुमार जो कपनी की ड्रेस में भी नहीं थे को गैस की कालाबाजारी करने पर गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार बीरवार को पूर्ति निरीक्षक राजेन्द्र भट्ट हल्द्वानी से नैनीताल की ओर आ रहे थे उन्हें हनुमानगढ़ी के पास एक



वाहन व्यवसायिक सिलेंडर नैनीताल की तरफ आता हुआ दिखाई दिया। वाहन के बाहर से किसी भी कम्पनी का लोगो/पेंट नहीं दिखाई देने पर मामला संदिग्ध होने पर इसकी सूचना क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट को दी गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने इसकी सूचना तत्काल थानाध्यक्ष तल्लीताल नैनीताल रमेश सिंह बोरा को दी गई, कुछ देर में उक्त वाहन नैनीताल डांठ के पास पहुंच गया। इस दौरान पुलिस की मौजूदगी में उक्त वाहन के चालक से पूछताछ करने पर बताया कि अरिहंत भारत गैस के सितारगंज स्थित गोदाम से नैनीताल वितरण करने हेतु गैस सिलेंडर ला रहे है और अभी तक 5 सिलेंडर वितरित कर दिए हैं जिन्हें गेस सिलेंडर दिए गए उन्हें भी कोई बिल नहीं दिए गए। गाड़ी के कागजात मांगे जाने पर मौके पर कोई भी वैध दस्तावेज इन्वॉयस/ चालान/ पंजीकृत उपभोक्ताओं की सूची उपभोक्ताओं को दिए जाने वाला बिल इत्यादि नहीं दिखा सके। वाहन में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा नैनीताल द्वारा पूर्ति निरीक्षक राजेन्द्र कुमार भट्ट और पुलिस की मौजूदगी में मौके पर फरद तैयार कर अभियुक्तों को उनके जुर्म से अवगत कराया गया और तैयार किए गए। फ रद की एक प्रति अभियुक्त मोहन चंद्र बृजवासी और डिलीवरी बॉय धीरज कुमार को उपलब्ध करवाई गई। इस कार्यवाही में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के साथ पूर्ति निरीक्षक राजेन्द्र कुमार भट्ट, उप निरीक्षक सतीश उपाध्याय और आरक्षी राजकुमार कंबोज मौके पर उपस्थित थे।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा है कि गैस की अवैध कालाबाजारी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा और आगे भी अभियान निरंतर जारी रहेगा। बिष्ट के मुताबिक 24 अप्रैल (बीरवार) को भी खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा नैनीताल में 58 व्यावसायिक सिलेंडर अवैध पाए जाने पर दो वाहन कब्जे में लेते हुए 58 व्यावसायिक सिलेंडर जब्त कर पुलिस की मौजूदगी में गैस की कालाबाजारी में लिप्त 4 व्यक्तियों को अरेस्ट किया जा चुका है। दूसरी ओर खाद्य विभाग की बीरवार को हुई कार्यवाही के बाद गेस की कालाबाजारी करने वालों में हडक़ंप मचा हुआ है।

## NEWS / फटाफट

### तनाव को देखते हुए नैनीताल पुलिस को अलर्ट मोड पर

**नैनीताल।** बॉर्डर क्षेत्रों में चल रहे तनाव को देखते हुए जनपद नैनीताल पुलिस को अलर्ट मोड में रखा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पी.एन. मीणा के निर्देश पर सभी राजपत्रित अधिकारी स्वयं सड़कों पर उतर कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस द्वारा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर चैकिंग और गश्त तेज कर दी गई है। रात्रि गश्त को भी सक्रिय रूप से बढ़ाया गया है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके।पुलिस द्वारा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर चैकिंग और गश्त तेज कर दी गई है। रात्रि गश्त को भी सक्रिय रूप से बढ़ाया गया है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। पुलिस जनता की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए है। संपूर्ण जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही है। जिले के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की मौजूदगी और निगरानी सुनिश्चित की गई है, जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करें।

### नगर की दो समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल ।** जिला मुख्यालय नैनीताल के भाजपाईयों ने नगर की दो प्रमुख ज्वलंत समस्याओं को लेकर बीरवार को अपर जिलाधिकारी पिंचा राम चौहान के माध्यम से जिलाधिकारी वंदना सिंह को संबोधित ज्ञापन सौंपा। भाजपाईयों ने दोनों समस्याओं पर जल्द कार्रवाई की मांग की है। भाजपाईयों ने कहा है कि नगर पालिका की ओर से आबंटित दुकानों के संचालन की अनुमति उन्हीं लोगों को दी जानी बहुत जरुरी है जिनके नाम पर यह दुकानें आबंटित हैं ऐसा न होने की दशा में इन दुकानों को पालिका प्रशासन निरस्त करे। दूसरी मांग यह है कि नैनीताल शहर में साप्ताहिक बंदी के दौरान मीट की दुकानें तथा हैयर कटिंग सैलून की दुकानें खुली रहती हैं जो सरासर गलत है। नगर में साप्ताहिक बंदी को सख्ती से लागू किया जाना जरुरी है। ज्ञापन देने वालों में पूरन सिंह बिष्ट,दया किशन पोखरिया,उमेश भट्ट,अरविन्द सिंह पडियार, संतोष कुमार, आनंद बिष्ट, भूपेंद्र सिंह बिष्ट,विकास जोशी,खजान सिंह डंगवाल, पंकज बर्गली,नवीन जोशी,लाल सिंह बिष्ट व मनोहर सिंह कार्की,बहादुर सिंह रौतेला,जगत सिंह बिष्ट,रचित तिवारी, कमल सुयाल आदि के हस्ताक्षर हैं।

### बिना चुनाव के नियुक्ति को लेकर नाराजगी

**नैनीताल ।** भवाली व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर बिना चुनाव के नियुक्ति को लेकर स्थानीय व्यापारियों में नाराजगी देखने को मिल रही है। व्यापारियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से अध्यक्ष का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से होता आया है लेकिन इस बार कुछ लोगों की बंद बैठक में अध्यक्ष घोषित कर देना पूरी तरह अनुचित और तानाशाही फैसला है। व्यापारियों का आरोप है कि उनकी राय लिए बिना यह निर्णय लिया गया जो न केवल लोकतंत्र के खिलाफ है बल्कि व्यापारी वर्ग का अपमान भी है। सभी व्यापारी एकजुट होकर निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की मांग कर रहे हैं,दूसरी ओर वर्तमान अध्यक्ष नरेश पांडे ने भी इस फैसले का विरोध करते हुए कहा यह मनमानी है चुनाव होना चाहिए और जो व्यापारी समाज की सही आवाज़ है उसे ही अध्यक्ष चुना जाना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि नगरपालिका चुनाव हारे हुए लोग उनके खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं यह रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### वीडियोग्राफी करने वाले एक युवक की मौत

**रुद्रपुर।** शादी विवाह में वीडियोग्राफी करने वाले एक युवक की संदिग्ध हालातों में मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि युवक शव सड़क पर पड़ा था। सूचना पर 108 एंबुलेंस ने उसे अस्पताल पहुंचा दिया। जहां से शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने बाद परिजनों को सौंप दिया। परिवार में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि रविन्द्र नगर निवासी 28 वर्षीय विभाष पुत्र स्व.सुभाष सरकार शादी विवाह में वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करता था। बताया जाता है कि बुधवार दिन में वह शक्तिफार्म गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काम के सिलसिले में अकसर बाहर रहने के कारण परिवारजनों ने उसके घर नहीं लौटने पर कोई खास ध्यान नहीं दिया। रात को वह हाईवे पर सड़क किनारे बेसुध पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस शव को मोर्चरी ले आई। सुबह छानबीन करने पर मृतक की शिनाख्त हुई और उसके परिजनों को सूचना दी गयी। युवक की मौत की खबर से परिजनों से हड़कंप मच गया।



# अंजुमन इसलामियां कमेटी ने पुलिस कप्तान को सौंपा ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर की अंजुमन इसलामियां कमेटी की ओर से जिले के पुलिस कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा को ज्ञापन सौंपा है।

अजुमन इसलामियां कमेटी के महासचिव ओर से भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि नैनीताल नगर में उस्मान ठेकेदार द्वारा किया गया घृणित कृत जिसकी अन्जुमान इस्लामिया नैनीताल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भी उक्त व्यक्ति की घोर निन्दा की गयी और पीडित बच्ची को हर प्रकार की सहायता देने का अंजुमन द्वारा जिम्मेदारी ली गयी। परन्तु इस पूरे मामले को लेकर नैनीताल के कुछ संगठनों द्वारा बाहरी अराजक तत्वों को बुलाकर 30 अप्रैल 2025 को एक घटनाकम को अंजाम दिया गया जिसमें जामा मस्जिद नैनीताल जो कि सभी धर्मो की आस्था को केन्द्र है और नैनीताल की ही नहीं बल्कि उत्तराखण्ड का गर्व है उस पर असमाजिक तत्वों द्वारा क्षति पहुँचाने और आग लगाने तथा बाजार में मुस्लिम समुदाय के होटलों व दुकानों मे तोड़.फोड़ का कार्य अंजाम दिया गया भीड़ इतनी बेकाबू थी कि कोतवाली की पुलिस भी असहनीय महसूस कर रही थी बल्कि पुलिस के कुछ कर्मचारियों के साथ इन तत्वों द्वारा मारपीट की गई सारे घटनाक्रम की सी0सी0टी0वी0 फुटेज मौजूद हैं मुस्लिम समुदाय द्वारा जवाब में किसी प्रकार की प्रक्रिया नहीं की गई बल्कि समाज विशेष न्यायपालिका से न्याय की उम्मीद रखता है। ज्ञापन में कहा गया है कि जामा मस्जिद को लेकर पूर्व में भी तरह तरह का माहौल बनाया जाता रहा है जिसकी शिकायत उच्च्व अधिकारियो को पत्र के माध्यम से दी जाती रही है। कहा है कि नैनीताल नगर एक शान्त और सर्व धर्म सम्पन्न नगर है। इन तत्वों द्वारा अशान्ति फैलाने और भय का माहौल बनाया जा रहा है, मुस्लिम समुदाय में महिलाओ व बच्चों और कारोबारियों में डर का माहौल बना हुआ है। उक्त घटना की निष्पक्ष जाँच करते हुये दोषियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुये कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें।

# 100 वर्ग गज से नीचे के रजिस्ट्री बैनामों के प्लॉटो/भूखण्डों की जांच जारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में 100 वर्ग गज से नीचे के रजिस्ट्री बैनामों के प्लॉटो/भूखण्डों की जांच हेतु जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की टीम द्वारा नैनीताल व भवाली क्षेत्र में सर्वेक्षण/सत्यापन का कार्य बीरवार को भी जारी रखा। बता दें बीरवार को जिले में विकास प्राधिकरण की टीम द्वारा सत्यापन का कार्य कराया गया। नैनीताल में 25 को नोटिस दिए गए तथा 38 का सत्यापन किया गया। सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजयनाथ शुक्ल के नेतृत्व में नैनीताल में चलाए गए सत्यापन अभियान में 38 भवनों का सत्यापन किया गया इनमें किसी का भी भवन नक्शा पास नहीं कराया था। इसके अतिरिक्त जिला विकास प्राधिकरण की टीम द्वारा नैनीताल में पूर्व में सत्यापन के दौरान चिन्हित किए गए 25 भवन स्वामियों को नोटिस दिया गया। सचिव जिला विकास प्राधिकरण शुक्ल ने अवगत कराया कि इन सभी को नोटिस देकर सुनवाई का अवसर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिन्हें नोटिस दिया है वह जोन 2 एवं वन क्षेत्रअंतर्गत हैं, उन्हें पक्ष रखने के लिए बुलाया गया है। उन्होंने अवगत कराया कि 25 नोटिस में 10 रुकूट कंपाउंड के तथा 15 अन्य क्षेत्र के हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि इस सम्बन्ध में प्राधिकरण द्वारा एक मौका दिया जा रहा है उसके उपरांत ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# पुण्यतिथि पर गुरुजी को पारम्परिक लोक संस्था परम्परा ने याद किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी प्रसिद्ध छायाकार व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, संस्कृति कर्मी, खिलाड़ी व तैराक ए.एन.सिंह (उर्फ गुरुजी) को पारम्परिक लोक संस्था परम्परा नैनीताल द्वारा बीरवार को उनकी पहली पुण्यतिथि पर याद किया गया।

बता दें कि गुरुजी का जन्म नैनीताल में 5 मार्च 1939 को हुआ,उन्होंने डीएसबी परिसर नैनीताल से एमएससी उसके बाद एल टी की परीक्षा लखनऊ से उत्तीर्ण की। वर्ष1996 में उनकी नियुक्ति लाला चेतराम साह ठुलघरिया इंटर कालेज नैनीताल में बाइलाजी के लैक्चरर के पद पर हुई उसके बाद प्रधानाचार्य के पद से वह इसी इण्टर कालेज से सेवा निवृत्त हुए। उन्होंने अपने सेवाकाल में हाकी, फुटबॉल, किक्रेट, टेनिस, स्केटिंग तथा तैराकी व बाड़ी बिल्डिंग व फैंसी ड्रेस के साथ साथ रंगमंचीय विधाओं में अपनी भागीदारी की। फोटोग्राफी का शौक बचपन से था। वर्ष 1968 मे पिंडारी ग्लेशियर कि यात्रा की तथा जीमखाना नैनी ताल में पिंडारी यात्रा वृत्तांत शीर्षक कि एक एकल प्रदर्शनी लगाई वहीं 1999 में इण्डिया इण्टर नैशनल फोटो काउंसिल नई दिल्ली कि सदस्यता प्राप्त किऔर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय फोटो प्रतियोगिताओं में सहभागिता आरम्भ की, वर्ष 2002 में इण्डिया इण्टर नैशनल फोटोग्राफी काउंसिल नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2004 में कांस्य, वर्ष 2008 में रजत व वर्ष 2012 में गोल्ड जबकि वर्ष 2014 में प्लैटेनम ग्रेडिंग अवार्ड से सम्मानित किया। गुरुजी की मृत्यु देहावसान 8 मई 2024 को हुई। बीरवार को परम्परा परिवार की ओर से बृजमोहन जोशी, कमला जोशी, गीता कपिल, प्रशान्त कपिल, मनोज जोशी, जगदीश बिष्ट, निशांत कपिल, मीनू कपिल, साबी कपिल, अनुभा जोशी व श्रीपर्णा जोशी ने उन्हें याद किया। संचालन बृजमोहन जोशी किया गया।

# सिंथिया स्कूल में रेड क्रॉस दिवस पर कार्यशाला आयोजित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा छात्रों को स्वयंसेवकों की भूमिका में रहते हुए प्राथमिक उपचार, सीपीआर जैसी जरुरी प्रक्रियाओं के बारे में प्रयोग करते हुए जरुरत पड़ने पर उसे अपनाने को कहा गया तथा प्राकृतिक आपदाओं, संघर्षों और स्वास्थ्य की आपात स्थितियों के दौरान लोगों की मदद करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के तौर पर रेड क्रास प्रभारी विपिन चंद्र ने बताया कि प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट मूवमेंट के सिद्धांतों को याद करने के लिए यह दिन मनाया जाता है तथा इस दौरान दुनिया भर के स्वयंसेवकों और कर्मचारियों के निस्वार्थ प्रयासों को मान्यता दी जाती है जो निस्वार्थ रूप से जरुरत के समय प्राथमिक उपचार की प्रक्रिया में अहम् भूमिका निभाते हैं.



उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान वर्ष 2025 के लिए रेड क्रॉस द्वारा चुनी गयी थीम मानवता में कार्य को ध्यान में रखते हुए संकट और सामुदायिक देखभाल में स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला जायेगा. कार्यशाला के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. प्रवींद्र कुमार रौतेला ने छात्रों को बताया कि विश्व रेड क्रॉस दिवस के रूप में करुणा, स्वयंसेवा और ज़रूरत के समय दूसरों की मदद करने के महत्व को याद करने का एक अवसर सबके पास उपलब्ध है जिसका सही अर्थो में उपयोग करते हुए समाज में काफी कुछ किया जा सकता है। इससे पूर्व रेड क्रास प्रभारी विपिन चंद्र पांडे समेत प्रधानाचार्य डॉ. प्रवींद्र कुमार रौतेला, नीमा पाण्डेय, ऋचा कर्नाटक, बी सी सती ने दीप प्रज्ज्वलन किया तथा छात्रों ने वंदना के साथ-साथ स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यशाला के दौरान प्रदीप मित्रा, रिचा कर्नाटक, बी.सी. सती, हेमा तिवारी, नीमा पांडे,आई.डी. जोशी, प्रकाश शर्मा, एस.एस. कपकोटी, पुष्कर सिंह राजपूत, तुलसी शर्मा, वी.एस. बजेठा,भूमिका तिवारी, कोमल बिष्ट, त्रिभुवन जोशी समेत तमाम छात्र उपस्थित रहे।

# अभिमत

## देशद्रोही भाषा

***भारत द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध उठाये गये कदमों का कांग्रेस समेत अन्य दलों ने समर्थन किया है। इस संकट की घड़ी में विपक्षी दलों ने सरकार के साथ खड़े होने का भरोसा दिलाया है। उधर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने पाकिस्तान की भाषा में बयान दिया है। वाड्रा का राजनीति में कोई वजूद नहीं है, वह सिर्फ प्रियंका गांधी के पति हैं। आर्थिक अपराध में उनके खिलाफ जांच हो रही है। भाजपा ने वाड्रा के बयान को देश विरोधी बताया है। वाड्रा के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।***

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की देशभर में निंदा हो रही है। विपक्षी दलों ने आतंकवादियों के खिलाफ सरकार द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का समर्थन किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने कश्मीर में टीआरएफ नाम से नया संगठन तैयार किया और हमलावर इसी नये संगठन के हैं। लश्कर-ए-तैयबा के सरगना पाकिस्तान में हैं। लश्कर-ए-तैयबा ने आतंकियों को हथियार दिये। भारत ने पाकिस्तान से राजनयिक संबंध तोड़े हैं, सीमा बंद की, वीजा रद्द किया। सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया। भारत द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध उठाये गये कदमों का कांग्रेस समेत अन्य दलों ने समर्थन किया है। इस संकट की घड़ी में विपक्षी दलों ने सरकार के साथ खड़े होने का भरोसा दिलाया है। उधर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने पाकिस्तान की भाषा में बयान दिया है। वाड्रा का राजनीति में कोई वजूद नहीं है। वह प्रियंका गांधी के पति हैं। आर्थिक अपराध में उनके खिलाफ जांच हो रही है। भाजपा ने वाड्रा के बयान को देश विरोधी बताया है। वाड्रा के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पहलगाम में आतंकी हमले पर वाड्रा ने कहा कि जब भी साम्प्रदायिक मुद्दे होते हैं और लोग असुरक्षित महसूस करते हैं तो देश में दरार पड़ती है। साथ ही पड़ोसी देशों को इसका फायदा मिलता है। अब राजनीति और धर्म को अलग करने का समय आ गया है तथा राजनीतिक दलों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। जब यह आतंकी कृत्य हुआ तो आतंकी पहचान पत्र देख रहे थे। जो गैर-मुस्लिम थे उन पर हमला किया गया। उन्हें लग रहा है कि हमारे देश में मुसलमानों से दुर्व्यवहार हो रहा है। वाड्रा के बयान के साथ ही पाकिस्तान ने भी कश्मीर में समुदाय विशेष के साथ गलत व्यवहार की बात कहते हुए आतंकी हमले को सही ठहराया और कहा कि हमला करने वाले स्थानीय लोग हैं। केन्द्र सरकार की कश्मीर के बारे में नीति के विरोध में हमला किया है। राहुल गांधी चुनाव के दौरान जनेऊ पहनकर हिन्दू बनने का नाटक करते हैं। जबकि उनके जीजा वाड्रा हिन्दुओं को गैर-मुस्लिम बता रहे हैं। वाड्रा खुलेआम मुसलमानों के मसीहा साबित होना चाहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सभी लोग केन्द्र के साथ हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष को भी वाड्रा के बयान की निंदा करनी चाहिए। वाड्रा का बयान कांग्रेस की नीति के खिलाफ है।

# एसओजी व मुखानी पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

एसओजी और मुखानी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से चोरी किए गए आभूषण बरामद हुए हैं। पुलिस ने कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस के मुताबिक, 25 अप्रैल को कमला भण्डारी ने थाना मुखानी में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 17-18 अप्रैल की रात को उनके घर से सामान चोरी किया गया था। इस घटना की रिपोर्ट एफ.आई.आर. नं. 106/25 के तहत पंजीकृत की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने शीघ्र मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी प्रकाश चन्द्र को विशेष टीम गठित करने का निर्देश दिया था। क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी नितिन लोहनी के निर्देशन में थानाध्यक्ष विजय मेहता और एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की।



इसके बाद, पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी और मुखबिरों की मदद से 7 मई को मधुवन कॉलोनी में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी किए गए आभूषण बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों महेन्द्र पाल (54 वर्ष), निवासी शोप नं. 77, गुरुनानक मार्केट, ख्याला, दिल्ली और रामभरोसे (36 वर्ष), निवासी ग्राम अकरोली, थाना बनियाढेर, उत्तर प्रदेश शातिर अपराधी हैं। महेन्द्र पाल के खिलाफ दिल्ली और अन्य स्थानों पर 22 मामले दर्ज हैं, जबकि रामभरोसे पर 34 मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विजय मेहता, चौकी प्रभारी आरटीओ विरेन्द्र चन्द, हे.का. इसरार (सीसीटीवी), कानि. बलवंत, धीरज सुगड़ा, सुनील आगरी, अनूप तिवारी, रविन्द्र खाती, रोहित, चन्दन, अरविन्द, राजेष बिष्ट (एसओजी) शामिल रहे।

## डॉ. बी एस कालाकोटी को तकनीकी क्रय समिति का सदस्य बनाया



**नैनीताल**। डॉ. बी एस कालाकोटी एलुमनी एसोसिएशन कुमाऊं यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष को सुगंध पौध केंद्र सेलाकुई में नव निर्मित सुगंध फैक्ट्री में तकनीकी क्रय समिति का उत्तराखंड शासन के अनुमोदन पर सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा कुमाऊं विश्व विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ हेमा लोहनी पूर्व निदेशक को इस समिति की अध्यक्ष होंगी। उल्लेखनीय है कि डॉ कालाकोटी वर्तमान में मोनार्ड इंडस्ट्री बाजपुर के निदेशक हैं तथा डॉ वाई पी एस पांगती फ उंडेशन के अध्यक्ष तथा उत्तराखंड सरकार के बायोडायवर्सिटी बोर्ड के जड़ी बूटी सलाहकार हैं । डॉ कालाकोटी ने कुमाऊं यूनिवर्सिटी से पीएचडी की तथा मुंबई की मल्टी नेशनल कंपनी में सेवाएं दे चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा तथा उटा अध्यक्ष तथा महासचिव एलुमनी सेल प्रो. ललित तिवारी तथा महासचिव कूटा एवं उटा डॉ विजय कुमार अन्य कूटा व उटा परिवार के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बधाई दी है।

# भीम आर्मी और आज़ाद सपा उपाध्यक्ष के नेतृत्व अधिशासी अभियंता नगर का घेराव किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भीम आर्मी व आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश उपाध्यक्ष सिराज अहमद के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता ( नगर ) का घेराव किया गया, सिराज अहमद का कहना था कि गोलछा कंपाउंड में नया कनेक्शन के लिए आवेदन किया गया था। आवेदन करने के 5 माह तक टाल मटोल करने के बाद बड़ी मुश्किल से दिनांक 30 मार्च 2025 को 4600 रु जमा करने का मेसेज आया जिसे आवेदनकर्ता ने दिनांक 15 अप्रेल को जमा कर दिया गया था उसके कुछ दिन बाद एक फोन आया कि आप कुछ चाय पानी का कर देना मीटर लगाना है, प्रार्थी ने चाय पानी को मना कर दिया तो दिनांक 21 अप्रेल को फोन आया कि आप केबिल ले आओ आपका मीटर लगाने आये हैं, निवेदनकर्ता ने कहा कि केबिल तो विद्युत विभाग ही लगाता है तो कहने लगे कि अभी तो केबिल है नहीं, तो प्रार्थी ने कहा कि आप लिखित में देदो तो मैं केबिल लाकर देदूंगा तो कहने लगे कि



हम जे ई साहब से बात करते हैं तब से आज दिनांक 8 मई तक कोई मीटर लगाने नहीं आया, बड़े अफ़सोस के साथ कहना पड़ रहा है कि विद्युत विभाग वालों के साथ में कार्य करने वाले ने कहा था कि आप 7500 रु देदो 4- 5 दिन में मीटर लग जायेगा, परन्तु प्रार्थी ने कहा कि मै खुद लगवा लूंगा तो वह बोला था कि महीनों चक्कर काटने पड़ेंगे और उसकी बात सच निकली, सिराज अहमद ने कहा कि जब एक प्रतिष्ठित व्यक्ति को इतना परेशान किया जा सकता है तो आम आदमी के साथ क्या होता होगा, अधिशासी अभियंता से उपरोक्त प्रकरण की जाँच कर यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई तो भीम आर्मी विद्युत विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगी, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी विद्युत विभाग की होंगी, ज्ञापन देने वालों में सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, विकास कुमार चौहान, हरीश लोधी, जीवन आर्य, फ़िरोज़ अहमद, रजनी जोशी, कैलाश पाण्डेय, महेश, के के बोरा, लक्ष्मी नारायण, अट्ठ जी मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने से बस कुछ कदम की दूरी पर रेड 2



*गुरुवार को बॉक्स ऑफिस पर 'रेड 2' कमाई के मामले में सबसे आगे रही। वहीं, हॉलीवुड के 'थंडरबोल्ट्स' ने भी ठीक-ठाक कलेक्शन किया है। बॉक्स ऑफिस पर इस समय बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्म एक दूसरे के आमने-सामने है। कमाई के मामले में अजय देवगन की 'रेड 2' सबसे आगे है। दूसरे नंबर पर हॉलीवुड फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' है। तीसरे स्थान पर अक्षय कुमार की 'केसरी 2'। सबसे कम कमाई संजय दत्त की द भूतनी ने गुरुवार को की है। गुरुवार को बॉक्स ऑफिस पर 'रेड 2' ने 5.61 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। बुधवार की तुलना में फिल्म की कमाई में बढ़त हासिल हुई है। इसके कुल कलेक्शन की बात करें तो अब तक फिल्म ने 96.11 करोड़ रुपये की कमाई की है। अब फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने से बस 3.89 करोड़ की दूरी पर है। उम्मीद है कि शुक्रवार को यह आंकड़ा फिल्म पार कर जाएगी। हॉलीवुड फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' भी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रहा है। फिल्म ने रिलीज के आठवें दिन 1.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। बॉक्स ऑफिस पर अब तक इसने 18.54 करोड़ रुपये की कमाई की है। अक्षय कुमार की 'केसरी 2' की कमाई में लगातार गिरावट जारी है। फिल्म ने गुरुवार को 61 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसने अब तक कुल 83.21 करोड़ का कारोबार किया।*

### द भूतनी की हालत

*रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी है। यह फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की घटनाओं पर आधारित है।*

*संजय दत्त, मौनी रॉय और पलक तिवारी की प्रमुख भूमिका वाली फिल्म 'द भूतनी' की हालत पहले दिन से ही खराब है। 65 लाख से ओपनिंग करने वाली फिल्म ने रिलीज के आठवें दिन महज 23 लाख का कारोबार किया। फिल्म की कुल कमाई अब तक केवल 4.76 करोड़ रुपये हुई है।*

# पुलिस भर्ती में आयु सीमा में छूट दिए जाने को लेकर सुनवाई 19 जुलाई को

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने दो हजार पदों में हो रही पुलिस भर्ती में आयु सीमा में छूट दिए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले की अंतिम सुनवाई हेतु 19 जुलाई (शनिवार) की तिथि नियत की है।

न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ कोर्ट ने सरकार से अब अपना पक्ष लिखित रूप में शपथपत्र के माध्यम से पेश करने को कहा है। सुनवाई में कोर्ट ने माना है कि युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए उन्हें भर्ती होने के लिए निर्धारित आयु सीमा में छूट दी जानी चाहिए । राज्य सरकार हर साल भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी नहीं करती।

अगर हर साल विज्ञप्ति जारी होती तो अभ्यर्थी उसमें निर्धारित आयु सीमा के अंतर्गत आवेदन करते । भर्ती के लिए सरकार चार पांच साल में एक बार विज्ञप्ति जारी करती है। उस दौरान के योग्य युवक आयु सीमा से बाहर हो जाते हैं जिस कारण पढ़े लिखे युवाओं का मनोबल गिर रहा है और वे अन्य गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं । कोर्ट ने सख्त लहजे में सरकार से कहा कि अपना पक्ष रखने के लिए लिखित रूप से अपने बयान दें न की मौखिक।

मामले के अनुसार चमोली निवासी रोशन सिंह ने याचिका दायर कर कहा है कि पुलिस विभाग में जिला रिजर्व पुलिस, पीएसी व आईआरबी के लिए 20 अकटुबर 2024 को यू के एसएसएससी ने 2000 पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की थी। जिसकी चयन प्रक्रिया वर्तमान में गतिमान है। विज्ञप्ति में 1550 नए पद और 450 पद 2021-22 तथा 2022-23 के रिक्त पदों को भी शामिल किया गया। याचिका में आगे कहा गया कि पूर्व में भर्ती नही होने के कारण उनकी उम्र अधिक हो गयी है। लिहाजा उनको भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आयु सीमा में छूट दी जाय।

## News कॉर्नर

### श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन

**नैनीताल ।** सरोवर नगरी नैनीताल की नव सांस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा रामलीला मैदान में 13 मई (सोमवार) से लेकर 22 मई (बीरवार) तक दस दिनी श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा जिसकी व्यापक तैयारी की जा रही हैं। श्रीमद्भागवत कथा की कामयाबी को लेकर बीरवार को समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष खुशाल सिंह रावत व संचालन महासचिव पी सी पांडे ने किया। इस मौके पर क्षेत्र की तमाम महिलाओं व अन्य लोगों ने भी हिस्सा लिया। समिति द्वारा कई सदस्यों को जिम्मेदारी भी सोपी गई। समिति अध्यक्ष खुशाल सिंह रावत व महासचिव पी सी पांडे ने बताया 13 मई (सोमवार) को शेर का डांडा रामलीला मैदान में मंगल कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया जायेगा। 14 मई से प्रतिदिन 22 मई तक सुबह पूजा अर्चना के बाद दिन में भागवत किंकर श्री श्री नमन कृष्ण महाराज अपनी टीम के साथ भागवत कथा में प्रवचन करेगें।

### सड़क हादसे में मरने वाले युवक का शव परिजनों को सौंपा

**हल्द्वानी ।** बीती रात सड़क हादसे में मरने वाले युवक का शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। बगैरतलब है कि नैनीताल जिले में सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं. लगातार हो रहे हैं सड़क हादसे चिंता का विषय बन रहा है। पुलिस प्रशासन हर रोज चलाए सड़क सुरक्षा अभियानों के बावजूद हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। काठगोदाम थाना क्षेत्र उसके सामने आए हैं जहां नैनीताल रोड के भूजियाघाट के पास लमजाला क्षेत्र में एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी है जहां एक युवक की दर्दनाक मौत हुई है जबकि दो लोग घायल हुए हैं. बताया जा रहा है की खाई करीब 25 मीटर गहरी खाई में गिरी है। मृतक युवक कि शिनाख्त सूरज सिंह पुत्र तारा सिंह निवासी बिंदुखत्ता के रूप में हुई है।

# कुमाऊं विवि तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल स्थित वाणिज्य विभाग में स्टॉक मार्केट की बुनियादी समझ और निवेश के अवसर विषय पर तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय साक्षरता से जोडनाए स्टॉक मार्केट की मूलभूत कार्यप्रणाली से परिचित कराना तथा उन्हें जिम्मेदार निवेशक के रूप में तैयार करना रहा। संगोष्ठी के समापन अवसर पर विभागाध्यक्ष एवं वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि आज के युग में केवल डिग्रीधारी होना पर्याप्त नहीं है। युवाओं को



आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस संगोष्ठी के माध्यम से विद्यार्थियों में जो निवेश के प्रति चेतना जागृत हुई है वह उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास का एक अहम हिस्सा बनेगी। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. ममता जोशी लोहुमी ने बताया कि यह आयोजन छात्रों को निवेश के विभिन्न पहलुओं की व्यावहारिक जानकारी देने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के करियर निर्माण में मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और सेबी से संबद्ध वरिष्ठ वित्तीय प्रशिक्षक डॉ. अंकुर भटनागर ने स्टॉक मार्केट की कार्य प्रणाली तथा जोखिम प्रबंधन व दीर्घकालिक निवेश रणनीतियां एवं निवेश से जुड़ी भ्रांतियों पर जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को बाजार की वास्तविकताओं से परिचित कराते हुए बताया कि समझदारी से किया गया निवेशए भविष्य को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है।

कार्यक्रम का संचालन डा. पूजा जोशी पालीवाल ने किया। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को वित्तीय निर्णयों के प्रति सजग बनाना और उन्हें निवेश के संभावित अवसरों के प्रति मार्गदर्शन देना है। वित्तीय शिक्षा आज के समय की अनिवार्यता बन चुकी है। समापन अवसर पर आयोजकों एवं अतिथियों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत से शिष्टाचार भेंट की। कुलपति ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों से विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और छात्रों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि होती है। संगोष्ठी में डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. अंकिता आर्या, डॉ. गौतम रावत एवं सूबिया नाजए दीक्षा पंत आदि रहे।

# घास मंडी आदर्श कॉलोनी में शराब की दुकान खोलने के विरोध में धरना

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र घास मंडी आदर्श कॉलोनी वार्ड 30 व 36 के मध्य आबकारी विभाग नियमों की धज्जियां उड़ाकर शराब की दुकान स्वीकृति देने पर आक्रोशित लोगों ने दुकान के सामने प्रदर्शन कर धरना दिया ।

आक्रोशित लोगों ने शराब दुकान का विरो किया। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी धरना स्थल पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। आक्रोशित लोगों का कहना था कि जिस जगह पर शराब की दुकान खोली जा रही है, वहां पर जनता इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पीएससी सरकारी स्कूल, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल समेत अन्य स्कूल है और सात मंदिरों के होने के बावजूद शराब का ठेका खुलने जन विरोधी कदम है हजारों नागरिकों व विद्यार्थियों का जीवन अस्त व्यस्त हो जाएगा। आक्रोशित लोगों ने दुकान का विरोध



जारी रखने की घोषणा की। शराब की दुकान किसी भी हाल में नहीं खुलने दी जाएगी।

वहां पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, 30 नंबर वार्ड के पार्षद गौरव खुराना, 36 नंबर वार्ड के पार्षद जितेश शर्मा, ऋषभ गुप्ता, विजयपाल सिंह, राजकुमार, जितेंद्र, समीर, राजकुमार अरोड़ा ,मोहिनी देवी हेमलता, ममता ,अनीता देवी, सुनीता शर्मा, ख्याली, शीतल, माया,मनदीप, माया देवी, रमेश चंद्र, किरण पाल, मुकेश, रिंकू, लाला, शांति देवी, कुसुम देवी, सचिन, राजकुमारी, प्रमिला देवी, कमलेश, महेंद्र, शांति, विकास, संदीप, मोहित, आलोक, भारत, राजकुमार, कांति, जसपाल, विजयपाल, अनिल, सुनील सागर, जसविंदर आदि रहे।

# नगर पालिका के आउटर्सो कार्मिकों को माह मार्च 2025 तक के वेतन का भुगतान किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद की पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने कहा है कि पालिका प्रशासन की ओर से पालिका के आउटर्सो कार्मिकों को माह मार्च 2025 तक के वेतन का भुगतान किया जा चुका है।

प्रेस को जारी एक बयान में डा.खेतवाल ने कहा कि माह मार्च 2025 में पालिका द्वारा आउटसोर्स कर्मचरियों की आपूर्ति हेतु निविदा की गयी, निविदा में मैसर्स शुभारम्भ सर्विस रुडकी का निविदा समिति द्वारा चयन किया गया। वर्तमान में संबंधित आउटसोर्स कर्मचारी आपूर्ति करने वाली फ र्म द्वारा माह अप्रैल- 2025 का बिल प्रस्तुत नहीं किया गया है जिस कारण उक्त कार्मिकों के वेतन भुगतान की कार्यवाही लम्बित है,पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल के मुताबिक राज्य वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली धनराशि 7 मई (बुधवार)को पालिका को प्राप्त हुई है जिस क्रम में स्थाई कर्मचारियों के लम्बित भुगतान व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन आदि के भुगतान की कार्यवाही गतिमान है। कहा कि आगामी तीन दिवस के भीतर स्थाई व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वेतन व पेंशन आदि का भुगतान कर दिया जायेगा। पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने कहा है कि नगरपालिका परिषद नैनीताल क्षेत्रान्तर्गत पालिका द्वारा आवंटित दुकानों में आवंटियों द्वारा सब्लेट किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। चूंकि पूर्व में पालिका के पास संबंधित पद रिक्त होने से संबंधित विभागीय कार्यों में विलम्ब हो रहा था। वर्तमान में पालिका के पुर्नगठन ढांचा संख्या 758/ दिनांक 12 जून 2015 द्वारा नगर पालिका परिषद नैनीताल में सृजित पदों के सापेक्ष निकाय को वर्तमान में शासन स्तर से रिक्त पदों की आपूर्ति कर दी गयी है। जिनके द्वारा आवंटित दुकानों में आवंटियो द्वारा सब्लेट किये जाने की शिकायतों पर टीम बनाकर दुकानों का सर्वे कार्य किया जा रहा है।

# काशीपुर पहुंची आईजी कुमाऊं, पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

गुरुवार को आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल काशीपुर एसपी कार्यालय पहुंची। यहां पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ ही पुलिस क्षेत्राधिकारियों, इंस्पेक्टरों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आईजी ने कहा कि प्रदेश भर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश सरकार और पुलिस प्रसाशन लगातार कार्रवाई कर रहा है।

उन्होंने कहा कि उसी क्रम में वह काशीपुर पहुंची पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सीओ,सभी इंस्पेक्टरों के साथ बातचीत की गई। उनका फोकस यही है कि जो विवेचनाएं है उनकी गुणवत्ता पर हम लोग ध्यान दे और पुलिस जो है जस्टिस डिलीवरी सिस्टम का एक विंग है। उन्होंने कहा कि आज जांच अच्छे तरीके से पूरी करें और उसके बाद अभियुक्त को सजा मिले,सही मायने में न्याय दिला पाए, इसलिए प्रयास है जो पुराने केसो के सम्बंध में समय समय पर पुलिस मुख्यालय द्वारा समय समय पर निर्देश दिए गए है। ऐसे केस जो न्यायालय में ट्रायल पर है,उनको राजपत्रित अधिकारी द्वारा निरंतर प्रभावी पैरवी करते हुए उसको केन्वेनसिंग की



तरफ लेकर जाया जाए और नोटिस की तामीली समय पर हो इसका प्रभावी सुपरविजन हो,उसके लिए केस आफिसर टीम को दोबारा से जनपद ऊधम सिंह नगर में प्रभावी करेंगे।

महिला संबंधी अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है। उसके लिए एक अपील है सभी अभिभावकों, स्कूल के अध्यपको से की अगर बच्चे या बच्चियां सोशल मीडिया का एक्सेस कर रहे है तो कंही पर एक मॉनिटरिंग हो, कंही वो अज्ञात लोगों के संपर्क में तो नही आ रहे है और अगर सोशल मीडिया के माध्यम से आ रहे है तो उनसे मिलने तो नही जा रहे है, क्योंकि किसी भी प्रकार का फ्राड या क्राइम उनके साथ हो सकता है। एक तरफ हमारी अपील अभिभावकों के साथ अध्यापको के साथ ही साथ पुलिस को निर्देश है अगर ऐसे अपराध के बारे में हमे जानकारी मिलती है तो तत्काल कार्रवाई करते हुए अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास करें।

### दो वर्ष से फरार अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ा, जेल भेजा

**रुद्रपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने दो साल पूर्व धारा 34, 307, 427, 147, 148, 149, 436, 323, 504, 506 भादवि के तहत दर्ज मुकदमें से संबधित से फरार वांछित अभियुक्त मंगल सिंह पुत्र जसवंत सिंह, निवासी नई बस्ती, खानपुर, थाना बिलासपुर, जिला रामपुर यूपी को मुखबिर की सूचना पर करतारपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया।

# 307वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को जारी करने को लेकर किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन बीरवार को 307वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने् के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए- पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर



जाइए के तहत बीरवार को पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में ठहरे पर्यटकों ने पौधारोपण किया वहीं कुमाऊँ मंडल विकास निगम के मुख्यालय से आए महासंघ के उपाध्यक्ष मंजुल प्रकाश सनवाल, कोषाध्यक्ष तारा दत्त भट्ट, नवीन जोशी ऑडिट अधिकारी, पुष्पा रावत तथा बृजेश धामी ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए आवास गृह परिसर में पौधा रोपण किया।

# विधायक के नेतृत्व में सेना के सम्मान में निकली गई शौर्य यात्रा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

गुरुवार शाम को विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में रुद्रपुर में सेना के सम्मान में शौर्य यात्रा निकाली गई। गुरवार शाम डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यहां से शुरू हुई शौर्य यात्रा मुख्य बाजार, भगतसिंह चौक,गल्ला मंडी खाटू श्याम मन्दिर पर पहुंच शौर्य यात्रा का समापन हुआ। शौर्य यात्रा में शामिल कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए हुए थे। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारे लगा रहे। इस दौरान विधायक ने कहा कि पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत हुऐ 26 भारतीय की मृत्यु से पूरा भारत आक्रोश में है। ऐसे में हर भारतीय द्वारा घटना से आहत




होकर आतंकियों को सबक सिखाने को लेकर आवाज उठा रहा है.देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो पूरे विश्व मे अंतराष्ट्रीय मंचो पर आतंक के खिलाफ आवाज उठाकर भारत के आतंक और आतंकियो को पनाह देने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की बात करते रहे है.प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सेना ने दो दिन पहले मध्य रात्रि मे ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर एयर स्टाइक कर आतंक के 9 अड्डों को मिट्टी में मिलाकर बड़ी संख्या मे आतंकियों का खात्मा कर अपने शौर्य पराक्रम को दिखाया है। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना ने पराक्रम दिखाया है जिसको लेकर पूरे देश मे उत्साह है और इसको लेकर सेना के सम्मान में शौर्य यात्रानिकाली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ संकल्प पर आतंक के खिलाफ की गई कार्यवाही से पाकिस्तान की हालत पस्त हो गई। इस दौरान देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर,दिवाकर पांडेय, पंकज बांगा, तरुण दत्ता, राजेश बजाज, मयंक कक्कड़,वेद ठुकराल,मुकेश पाल,जगदीश विश्वास, अखिल विश्वास, हरीश भट्ट, नमन चावला,मीना शर्मा, पुष्पा ग्रोवर,फरजाना बेगम, ममता त्रिपाठी ,सतनाम सिंह, रश्मि रस्तोगी, शालनी बोरा, मनोज छाबड़ा,महेश गंगवार, रस्तोगी, रमेश कन्याल, भीमसेन गुप्ता, विराट आर्य,नरेश उप्रेती, मोर सिंह यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।